मीडिया विज्ञप्ति

ईडीआईआई ने मनाया राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस

अहमदाबाद, 16 जनवरी, 2024: भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाने के लिए एक विस्तृत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, श्री पी.बी. पंड्या, आईएएस, निदेशक, उच्च शिक्षा आयुक्तालय, गुजरात सरकार; सम्मानित अतिथि, श्री जिमिश कपाड़िया, संस्थापक-ग्रोथ 91, विशेष अतिथि श्री नीलेश पटेल, सह-संस्थापक और मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी, लिम्फॉन बायोलॉजिक्स, डॉ. सत्य रंजन आचार्य, निदेशक, शिक्षा विभाग, ईडीआईआई की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम ने ईडीआईआई के वार्षिक उद्यमिता उत्सव 'एम्प्रेसारियो–2024' की शुरुआत भी की, जिसका विषय 'सतत भविष्य के लिए टेक इनोवेशन' है।

डॉ. सुनील शुक्ला ने अपने स्वागत भाषण में कहा, 'गुजरात स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए प्रशंसित है। राज्य ने पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या में तेज वृद्धि दर्ज की है। पिछले तीन वर्षों से, गुजरात ने स्टार्टअप इंडिया इकोसिस्टम रैंकिंग में महत्त्वपूर्ण स्थान हासिल करना जारी रखा है। मैं युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे अपने नवीन विचारों के साथ आएं और राज्य द्वारा बनाई गई अनुकूल नीतियों, योजनाओं और कई फंडिंग विकल्पों के साथ उन पर अमल करें।'

अपने उद्घाटन भाषण में श्री पी.बी. पंड्या ने कहा, 'आज इनोवेटेर और इनोवेशन का समय है। युवाओं को आगे आना चाहिए और उनके सामने मौजूद अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्हें बस आइडिया लाना होगा और बाकी चीजें राज्य द्वारा बनाए गए मजबूत उद्यमिता इकोसिस्टम में स्वचालित रूप से शामिल हो जाएंगी। आज सपोर्ट की कोई कमी नहीं है, चाहे वह मेंटरशिप हो, इनक्यूबेशन, फंडिंग या कोई अन्य सहायता हो। आज के समय में सब मैनेज करना बहुत आसान है।'

श्री जिमिश कपाड़िया ने लोगों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'भारत में संस्थानों, नीतियों, इनक्यूबेशन और एक्सीलेटर्स का बेहतरीन मिश्रण है। वर्तमान समय भावी स्टार्टअप्स के लिए सबसे फायदेमंद है। मेरा मानना है कि उभरते उद्यमियों को खुद में आत्मविश्वास पैदा करने और आत्मविश्वास के साथ अपने विचारों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। यह महत्वपूर्ण है कि वे असफलता के डर से ऊपर उठें क्योंकि सफलता वहीं मौजूद है।'

नवोदित उद्यमियों को प्रेरित करते हुए श्री नीलेश पटेल ने कहा, 'उद्यमी बनने की यात्रा कभी भी आसान नहीं होती; यह एक रोलर कोस्टर की सवारी है लेकिन यही बात इसे इतना सार्थक बनाती है। अंतिम परिणाम बेहद संतोषजनक और फायदेमंद है। असफलता में ताकत होती है और मैं युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे इसे अपनाएं और बड़े सपनों, ज्ञान, फुर्ती और जुनून के साथ आगे बढ़ें।'

उद्घाटन समारोह डॉ. सत्य रंजन आचार्य के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ। डॉ. आचार्य ने भारत और गुजरात में स्टार्टअप की बढ़ती संख्या पर प्रकाश डाला। उन्होंने फंडिंग के आसान विकल्पों और नियमों के बारे में बताया जो युवाओं का सपोर्ट करते हैं और उन्हें अपने आइडिया के साथ एक्सपेरिमेंट करने के लिए एक पावरफुल प्लेटफॉर्म देते हैं। डॉ. आचार्य ने ईडीआईआई में टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर्स और स्टार्टअप्स के लिए नेटवर्किंग, टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग और फंडिंग में इसकी सेवाओं के बारे में भी बात की।

दिन भर चले कार्यक्रम में नवोदित उद्यमियों को उनकी उद्यमशीलता यात्रा में मार्गदर्शन करने के लिए स्पीकर सैशन जैसे इंट्रा-कॉलेज कार्यक्रम, पिच डेक, डेमो डे जैसी प्रतियोगिताएं और स्ट्रेस इंटरव्यू, एड-मैड शो, ट्रेजर हंट जैसी गतिविधियों पर पूर्व छात्रों से बातचीत आदि थे। अंत में एक संगीतमय शाम थी।

इस कार्यक्रम में 250 से अधिक छात्रों, स्टार्टअप और उभरते उद्यमियों की भागीदारी देखी गई। लगभग 25 प्रतिभागियों ने निवेशक पैनल के समक्ष अपने बिजनेस आइडियाज रखे।

About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute with support of apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). The Government of Gujarat pledged twenty-three acres of land on which stands the majestic and sprawling EDII Campus. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. EDII operates across the country through its seven regional offices and PAN India project offices. It has international affiliates in Cambodia, Laos, Myanmar Vietnam, Uzbekistan and Rwanda. For more information visit: www.ediindia.org

For more information, contact:

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
HiralOza, Adfactors PR: 7043901987